6th वार्षिकोत्सव विशेषांक
मेरा शहर-मेरी प्रेरणा

# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , रविवार,30 नवंबर 2025

**बरेली के प्रमुख समाचार**

- नव विवाहिता का घर के पीछे तालाब में मिला शव-II
- शहर के विकास को मिला अब तक का सबसे बड़ा बजट-III
- प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन -IV

**आज का मौसम**

सूर्योदय 06.46

26.0⁰ अधिकतम तापमान

सूर्यास्त 05.15

11.0⁰ न्यूनतम तापमान

**सिटी ब्रीफ**

## जिला आर्य समाज का चुनाव 14 दिसंबर को

**बरेली, अमृत विचार :** आर्य प्रतिनिधि सभा लखनऊ की ओर से नियुक्त चुनाव अधिकारी डॉ. श्वेत केतु शर्मा ने बताया कि आर्य उप प्रतिनिधि सभा बरेली का वार्षिक चुनाव 14 दिसंबर 2025 को आर्य समाज मॉडल टाउन में होगा। चुनाव में भाग लेने के लिए आर्य समाजों के चित्र और प्रतिनिधियों के नाम 7 दिसंबर 2025 को दोपहर 1 से 4 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। प्रतिनिधियों की सूची 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे चस्पा की जाएगी। आपत्ति 11 दिसंबर की शाम 4 बजे तक दर्ज कराई जा सकती है। अंतिम सूची 12 दिसंबर को सुबह 11 बजे चस्पा होगी। चुनाव प्रक्रिया में पहचान पत्र या आधार कार्ड और उसकी छाया प्रति हस्ताक्षरित जमा करनी होगी।

## अधिशासी अभियंता ने संभाला कार्यभार

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग के शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता और कॉमर्शियल- 2 के अधिशासी अभियंता का तबादला होने के बाद नए अधिकारियों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। लखीमपुर से आए अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके अलावा मध्यांचल विद्युत निगम लिमिटेड मुख्यालय संबद्ध सूर्य कुमार ने अधिशासी अभियंता की जिम्मेदारी संभाल ली है। शनिवार को दोनों अधिकारियों ने एसडीओ और जेई के साथ बैठक भी की।

## कबड्डी प्रतियोगिता के ट्रायल अब सोमवार को

**बरेली : अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 दिसंबर तक गाजीपुर में और बालक वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 11 दिसंबर तक अमेठी में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय और मंडल स्तरीय ट्रायल में कोई भी खिलाड़ी नहीं आया। अब बालक और बालिका वर्ग के ट्रायल 1 दिसंबर को स्पोर्ट्स स्टेडियम में दोपहर 12 बजे से आयोजित होंगे।




डोहरा रोड स्थित आईएमए लॉन में यूपीकॉन में आयोजित सत्र में पुस्तक का विमोचन करते आईएमए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, डॉ. आईएस तोमर, डॉ. केशव अग्रवाल और डॉ. विनोद पागरानी।

# यूपीकॉन : आईएमए मरीजों के इलाज के प्रति कर्मठता का प्रतीक

## आईएमए की ओर से प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन यूपीकॉन का आयोजन, अलग-अलग बीमारियों के देश भर के विशेषज्ञ जुटे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बरेली के लिए शनिवार का दिन किसी गौरव से कम नहीं रहा, मौका था वार्षिक अधिवेशन यूपीकॉन के आगाज का। आईएमए बरेली को 15 साल बाद यूपीकॉन की मेजबानी मिली है। यूपीकॉन के पहले दिन सुबह आईएमए भवन में साइंटिफिक सत्र के आयोजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान विशेषज्ञों ने बीमारियों और उनके इलाज की नई तकनीकों पर चर्चा की। शाम को डोहरा स्थित आईएमए फार्म में शाम को कॉलर सेरेमनी का आयोजन हुआ। जो कि सतरंगी रोशनी से नहाया हुआ था। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कॉलर सेरेमनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली प्रदेश की कई आईएमए ब्रांच को अवार्ड भी दिए।

इस दौरान झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि बरेली मेडिकल हब बनने की ओर अग्रसर है, इसका श्रेय यहां के डॉक्टर और मेडिकल से जुड़े हर स्टाफ को जाता है। ऐसा इसलिए की चिकित्सा एक सेवा नहीं तपस्या है क्योंकि डॉक्टर सिर्फ मरीजों का उपचार नहीं करते बल्कि उन्हें नया जीवन देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार प्रगति हो रही है। इसका प्रमाण है आयुष्मान भारत योजना, शत प्रतिशत टीकाकरण व अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम। इनका लाभ आम जनमानस को बिना किसी भेदभाव को मिल रहा है। आईएमए भी इसमें अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आईएमए केवल मात्र संगठन नहीं है, बल्कि ऊर्जा-नैतिकता और मरीजों के इलाज के प्रति कर्मठता का प्रतीक है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल व बिथरी विधायक डा. राघवेंद्र शर्मा व बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल भी मौजूद रहे। देर रात तक डीजे की धुनों पर डॉक्टर थिरकते रहे।

**कॉलर सेरेमनी में नई कार्यकारिणी ने संभाला पदभार :** आईएमए फार्म में शाम को आयोजित कार्यक्रम में आईएमए की नई प्रदेश कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण किया। यूपी आईएमए के अध्यक्ष डॉ. पीके श्रीवास्तव ने इस वर्ष के अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल को अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा। आईएमए यूपी के सरंक्षक डा. शरद अग्रवाल ने नई कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई। इस दौरान आईएमए की सोबिनियर पत्रिका का भी विमोचन हुआ। इस दौरान आईएमए यूपी के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. रवीश अग्रवाल ने बताया कि आईएमए भवन में सुबह साइंटिफिक सत्रों के आयोजन के साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इससे पहले सत्र में गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल से आए वरिष्ठ कॉर्डियोलाजिस्ट डॉ. कार्तिक भार्गव और डॉ. अमित मिस्त्री ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में डॉ. आईएस तोमर, डॉ सुदीप सरन, डॉ विमल भारद्वाज, डॉ. रवि मेहरा, डॉ राजीव गोयल, डॉ अनूप आर्य, डॉ विनोद पागरानी, आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव, सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. आरके सिंह, डॉ. पुनीत सोंधी, डॉ रजत अग्रवाल, डॉ. रितु राजीव, डॉ. शालिनी माहेश्वरी, डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. राशि अग्रवाल, डॉ. मधु गुप्ता, शाहिदा अली, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डिप्टी सीएमओ डा. लईक अहमद अंसारी, डा. राजेश अग्रवाल, डॉ. अजय भारती, डॉ. रतन पाल गंगवार, डॉ. शिवम कामठान, डॉ. सुजोए मुखर्जी व डॉ. अनीता अजय की मुख्य भूमिका रही।




आईएमए लॉन में यूपीकॉन में डॉ. शरद अग्रवाल को सम्मानित करते झारखंड के राज्यपाल सन्तोष गंगवार,वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, डॉ. सलोना कुशवाहा और आईएमए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### विशेषज्ञों ने इलाज की आधुनिक तकनीकों पर चर्चा की

आईएमए बरेली की मेजबानी में यूपीकॉन की दो दिवसीय कांफ्रेंस का आगाज शनिवार सुबह आईएमए भवन स्थित सभागार में साइंटिफिक सत्र के आयोजन से हुआ। सत्र का उद्घाटन आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल ने किया। कान्फ्रेंस में पहले दिन भी बड़ी संख्या में डॉक्टर शामिल हुए। पद्म श्री डॉ. प्रवीण चंद्रा ने वर्चुअल माध्यम से एंजियोप्लास्टी की एडवांस तकनीक पर अनुभव साझा किए। इसके साथ ही वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. विनय गोयल ने स्ट्रोक के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक आने का मुख्य कारण है स्ट्रेस और ब्लड प्रेशर का अनियंत्रित रहना। इसके लक्षण होने पर फौरन कुशल चिकित्सक की सलाह लेना आवश्यक है। समय पर जांच और इलाज होने से स्ट्रोक मौत का कारण नहीं बनता है।

### बरेली आईएमए को बेस्ट ब्रांच अवार्ड समेत कई पुरस्कार

कांफ्रेंस के दौरान आईएमए बरेली ब्रांच का जलवा बिखरा। वर्ष 2024–25 में डॉ. आरके सिंह के नेतृत्व में उपलब्धियां प्राप्त कीं। बरेली ब्रांच को बेस्ट ब्रांच ऑफ यूपी और डॉ. आरके सिंह को बेस्ट प्रेसिडेंट ऑफ लोकल ब्रांच इन यूपी के साथ ही बरेली को प्रदेश में सबसे अधिक सदस्य वृद्धि पुरस्कार भी दिया गया। इतना ही नहीं आईएमए के वरिष्ठ सदस्य डॉ. सुदीप सरन को साइंटिफिक गतिविधियों के लिए और डॉ. लईक अहमद अंसारी को समुदाय सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

### कोविड वैक्सीन से कार्डियक अरेस्ट का खतरा नहीं




गुरुग्राम के मेदांता द मेडिसिटी अस्पताल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कार्तिकेय भार्गव ने बताया कि भाग–दौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनी सेहत के लिए बिल्कुल भी फिक्रमंद नहीं हैं, जिससे गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसके साथ ही अनियमित दिनचर्या और नशे का सेवन हृदय रोगी बना रहा है। सोशल मीडिया का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। इसका सीधा कनेक्शन हृदय रोग से है। उन्होंने बताया कि कोविड के बाद से कॉर्डियक अरेस्ट के मामलों में वृद्धि जरूर हुई है। इससे लोगों के मन में ये भय बन रहा है कि कोविड वैक्सीनेशन कराने के बाद से ऐसे मामले तेजी से बढ़े हैं, लेकिन ये गलत है। वैक्सीनेशन का कार्डियक अरेस्ट में कोई रोल नहीं है। कई स्टडी में ये बात पुष्ट भी हुई है। बताया कि पल्मोनरी आर्टरी डिसीज का आरंभ जन्म के बाद से ही हो जाता है, इसलिए बच्चों को इससे बचाने के लिए उन्हें अधिक मात्रा में घी या तला, भुना खाना नहीं देना चाहिए जो वजन बढ़ा सकता है। यह भविष्य में हृदय संबंधी बीमारी होने का खतरा बढ़ाता है।

### 40 की उम्र के बाद हर साल कराएं हृदय की जांच



यूपीकॉन में बतौर फैक्ल्टी शामिल हुए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित मिस्त्री ने बताया कि बच्चे में अगर जन्मजात हृदय रोग की समस्या है तो उसके लक्षण को पहचानें। बताया कि अगर बच्चे के होंठ नीले पड़ें, दूध पीते समय पसीना आए, सीने में दर्द रहता हो व चलने–फिरने में समस्या हो तो फौरन कुशल चिकित्सक की सलाह लें। वहीं कुछ ऐसी हृदय की बीमारियों भी हैं जिनका 30 साल के बाद तक पता नहीं लगता है, इसलिए हर व्यक्ति को 40 साल की उम्र के बाद रुटीन जांचों की तरह ईको और ईसीजी की जांच अवश्य करानी चाहिए।

# धूप खिलने से तापमान में मामूली बढ़ोत्तरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में तेज धूप खिलने की वजह से दिन और रात के तापमान में मामूली बढ़ोत्तरी दर्ज की गई, जिससे लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली। हालांकि तेज हवा चलने से लोगों को ठिठुरन का अहसास हुआ।

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव न होने की संभावना जताई है। इसके अलावा न्यूनतम तापमान में अगले तीन दिनों तक कोई बड़ा बदलाव न होने और इसके बाद दो दिन दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने और फिर दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को जिले में अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विभाग के अतुल कुमार के अनुसार सुबह के समय सर्द हवाओं के साथ नमी बढ़ने से धुंध या हल्का कोहरा छा सकता है।



बरेली जंक्शन पर ठंड में सोते यात्री। ● अमृत विचार

- **अगले कई दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं**

## अब शाम 5 बजे तक खुलेंगे परिषदीय विद्यालय

**बरेली, अमृत विचार:** एसआईआर कार्य समय से पूरा कराने के लिए शिक्षकों को बीएलओ के सहयोग के लिए लगाया गया है लेकिन शिक्षक स्कूल की छुट्टी होने पर घर चले जाते थे, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा था। इसे देखते हुए बीएसए ने सभी बीईओ को शाम 5 बजे तक विद्यालय खोलने के आदेश दिए हैं। बीएसए डॉ. विनीता ने बताया कि डीएम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि एसआईआर की वजह से अपेक्षा के अनुसार कार्य नहीं हो पा रहा है। डीएम ने शाम 5 बजे तक विद्यालय खोलने के निर्देश दिए थे।

# नगर निगम ने दो फर्म पर डाला साढ़े पांच लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **शाहदाना में हॉट मिक्स से निर्मित हो रही सड़क में मिलीं अनियमितताएं**
- **धोबी चौराहा से रेलवे लाइन तक नाली निर्माण में पीली ईटों का इस्तेमाल**

**अमृत विचार :** नगर निगम की छवि धूमिल करने का जिम्मा ठेकेदारों ने ले लिया है। निर्माण में खेल करने पर लगातार अनियमितताएं उजागर हो रही हैं। इसको लेकर अब निगम अधिकारी भी एक्शन मोड में आ गए हैं। सड़क निर्माण में गंभीर मानक उल्लंघन पाए जाने पर मैसर्स अग्रवाल कांट्रैक्टर पर 5 लाख रुपये और नाली निर्माण में पीली ईंट लगाने पर कैलाश कंस्ट्रक्शन कम्पनी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दोनों फर्मों को 3 दिन के अंदर कमियों को सुधारकर नगर निगम को लिखित रूप में सूचित करने का आदेश दिए गए हैं। वहीं चेतावनी भी जारी कर दी गई है।

एक्सईएन राजीव कुमार राठी ने बताया कि नगर निगम ने हाल ही में वार्ड-60 शाहदाना में श्यामगंज चौराहे से साहू गोपीनाथ चौराहा व बासमंडी तक सड़क चौड़ीकरण व नाली मरम्मत के कार्य का निरीक्षण किया। इस सड़क का ठेका मैसर्स अग्रवाल कांट्रैक्टर को दिया गया। शनिवार को किए गए निरीक्षण में पाया गया कि हॉट मिक्स प्लांट से सड़क निर्माण में उपयोग किए गए मैटेरियल का तापमान और गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं था। अमित कुमार टिंबर्स के पास सड़क का हिस्सा खराब हो गया है। आजमनगर सराय के पास सरफेस खराब हो गई। सड़क उखड़ रही थी। ठेकेदार की मैसर्स अग्रवाल कांट्रैक्टर फर्म पर 5 लाख रुपये का अर्थदंड लगाने का नोटिस जारी किया है। ठेकेदार को 3 दिन के भीतर सभी कमियों को सुधारकर लिखित रूप में नगर निगम को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके साथ ही वार्ड-2 धोबी चौराहे से रेलवे लाइन तक सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण कार्य में कैलाश कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा नाली में पीली ईटों का प्रयोग किए जाने पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। नगर निगम ने फर्म को तत्काल नाली को तोड़कर मानक के अनुरूप दोबारा निर्माण करने का आदेश दिया। चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी कार्य में गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित फर्म को डिबार करने, काली सूची में दर्ज करने और भारी आर्थिक दंड लगाने की कार्रवाई की जाएगी।



निर्माण सामग्री की जांच करते अफसर।

**अनदेखी** | जल निगम ग्रामीण ने 2023 में बैरियर टू चौकी से लेकर डोहरा मोड़ तक सीवर लाइन डालने को खोदी थी सड़क

# पीलीभीत बाईपास की मरम्मत दो विभागों की खींचतान में फंसी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बनने के कुछ समय बाद ही बदहाल हुई सड़क से जल निगम ने पल्ला झाड़ा, पीडब्ल्यूडी बोला- हमारी जिम्मेदारी नहीं**

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास रोड की एक साइड सड़क की मरम्मत को लेकर जल निगम और पीडब्ल्यूडी के बीच चल रही खींचतान खत्म होने के नाम नहीं ले रही है।

पीडब्ल्यूडी की ओर से कई बार पत्राचार करने के बाद जल निगम ने अब पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। जल निगम का कहना है कि दो साल पहले जब सीवर लाइन डाली गई थी, उस समय ही स्पष्ट किया गया था कि सीवर लाइन डालने के बीच जिस स्थिति में सड़क थी, उसे वैसा ही पीडब्ल्यूडी को हैंडओवर किया जाएगा। काम पूरा होने के बाद सड़क पूरी तरह से ठीक हालत में थी, इसलिए अब मरम्मत की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की है, न कि जल निगम की। इधर, पीडब्ल्यूडी का कहना है कि जल निगम को सड़क की मरम्मत करनी होगी, क्योंकि उनके बांड में यह शर्त है कि दो साल तक सड़क की गारंटी जल निगम की ही होगी।

जल निगम ग्रामीण ने वर्ष 2023 में हरुनगला में बने एसटीपी प्लांट के लिए बैरियर टू चौकी से लेकर डोहरा मोड़ तक पीलीभीत बाईपास रोड की साइड को खोदकर सीवर लाइन बिछाई थी। सड़क को कई मीटर गहरा खोदा गया था। सीवर लाइन बिछाने के बाद ठेकेदार ने सड़क घटिया तरीके से डाली। कहीं सीवर डिप सड़क के ऊपर छोड़ दिए तो कहीं सड़क आज भी बैठी हुई है। इस रोड पर आवासीय कॉलोनी के अलावा स्कूल, कॉलेज, कार्यालय आदि जाने वाले हजारों लोग रोजाना दोपहिया और चार पहिया वाहनों से आवागमन करते हैं। अभी भी आलम यह है कि सड़क जगह-जगह बैठने से गड्ढों में कार-बाइक चलाना मुश्किल है। कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। पीडब्ल्यूडी इस सड़क को ठीक कराने के लिए पिछले साल से ही जल निगम से पत्राचार कर रहा है। करीब चार किमी की सड़क पर हाल यह है कि सीवर के डिप गाड़ियों के दुश्मन बने हैं। वीआईपी मूवमेंट होने पर पीडब्ल्यूडी दो से तीन बार इस सड़क को ठीक करा चुका है।

पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन भगत सिंह का कहना है कि बार-बार रिमाइंडर भेजने के बाद भी जल निगम की एक्सईएन ने रोड को दुरुस्त नहीं कराया। इधर, जल निगम ने स्पष्ट कर दिया है कि रोड की मरम्मत का काम पीडब्ल्यूडी ही कराएगा, क्योंकि सीवर लाइन डालने से पहले ही बता दिया गया था कि सड़क की मरम्मत की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की है।



# न्यूनतम शुल्क पर बनवा सकेंगे दुग्ध उत्पाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **अगले महीने शुरू हो सकता है कॉमन इन्क्यूबेशन केंद्र**

**अमृत विचार :** खाद्य प्रसंस्करण विभाग के परिसर में कॉमन इन्क्यूबेशन केंद्र बनकर तैयार है।विभगीय अफसरों के मुताबिक अगले महीने केंद्र शुरू हो सकता है। केंद्र में दुग्ध , टोमेटो सॉस और बेकरी के उत्पाद न्यूनतम शुल्क पर बनवाए जा सकेंगे। केंद्र पर स्वरोजगार स्थापित करने वाले उद्यमियों को निशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत कॉमन इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित किया गया है। जिसमें पनीर, खोया, टोमेटो सॉस के उत्पाद तैयार किए जाएंगे। बेकरी ईकाई में ब्रेड, टोस्ट, कुकीज, केक आदि उत्पाद तैयार होंगे। केंद्र में मशीनों से लेकर आरओ प्लांट स्थापित किया जा चुका है। इसका उद्घाटन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हाथों होना है। इन्क्यूबेशन केंद्र का संचालन निजी कंपनी ओएंडएमजी स्वयं सहायता समूह के माध्यम से करेगी, जिसमें कंपनी अपने उत्पाद तैयार करेगी। साथ ही जन सामान्य लोगों के उत्पादों को न्यूनतम लागत पर तैयार किया जाएगा। जिससे लोगों को मनपसंद उत्पाद खाने को मिलेंगे। खाद्य प्रसंस्करण स्थापित करने वाले लोगों को मशीन चलाने से लेकर उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण मिलेगा। जिससे उन्हें इकाई स्थापित करने में आसानी होगी।



इन्क्यूबेशन केंद्र।

### विशेषज्ञ तय करेंगे उत्पाद बनवाने का शुल्क

खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंशिल सिन्हा ने बताया कि आईवीआरआई के वैज्ञानिक दुग्ध उत्पादों को बनाने का न्यूनतम शुल्क तय करेंगे। जबकि एमजेपीआरयू के प्रो. सॉस और बेकरी के उत्पाद बनाने का शुल्क निर्धारित करेंगे।

हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें
SEXOLOGIST
बचपन की गलतियां
आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
डायबिटीज

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

YouTube पर Search करें
डा. शेख
भारत प्रसिद्ध
Best Sexologist in india आयुर्वेदा
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

## सिटी ब्रीफ

### भोजीपुरा थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**बरेली, अमृत विचार :** एसएसपी अनुराग आर्य ने शुक्रवार देर रात भोजीपुरा थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया। इसके अलावा पीआरओ राजीव कुमार सिंह को अपराध निरीक्षक भोजीपुरा की जिम्मेदारी दी है। बारादरी और कोतवाली में लंबे समय तैनात रहे इंस्पेक्टर अमित पांडे को कुछ दिन पहले कोतवाली से हटाकर भोजीपुरा थाने का प्रभारी बनाया गया था। इसके अलावा अपराध निरीक्षक भोजीपुरा धर्मेंद्र को हटाकर अपराध निरीक्षक हाफिजगंज बनाया है।

### 11 वीं के छात्र से मारपीट, चार पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** स्कूल में बेडमिंटन खेल रहे 11वीं के छात्र से कुछ लोगों ने मारपीट की। इज्जतनगर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। कर्मचारीनगर निवासी शिवम गंगवार ने बताया कि वह कक्षा 11 का छात्र है। 28 नवंबर को अपने स्कूल में बेडमिंटन खेल रहा था। इसी बीच इस्लाम रजा, अरहान खान, आदर्श सक्सेना, आकिब अली ने गालियां देनी शुरू कर दी। गाली का विरोध करने पर चारों ने उसके साथ मारपीट की।

# नव विवाहिता का घर के पीछे तालाब में मिला शव

## 1 नवंबर को ही हुई थी शादी, दहेज हत्या की रिपोर्ट, पति हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** सुभाषनगर क्षेत्र में नवविवाहिता का शव घर के पीछे तालाब में मिला। महिला के मायके वालों ने पति और ससुराल वालों पर दहेज हत्या कर शव तालाब में फेंकने का आरोप लगाया है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण डूबना आया है। पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और पति को हिरासत में ले लिया है

किला थाना क्षेत्र के गढ़ैया निवासी राजेश कुमार की बेटी ज्योति शर्मा की शादी 1 नवंबर को सुभाषनगर क्षेत्र के हनुमानगढ़ी निवासी लव कुमार शर्मा के साथ हुई थी। ससुराल वालों ने बताया कि सुबह करीब 7:30 बजे पड़ोसी ने तालाब में किसी के गिरने की सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो पता चला कि वह ज्योति है। उसे तुरंत बाहर निकालकर निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर ज्योति के मायके वाले पहुंच गए। राजेश कुमार ने बताया कि बेटी की शादी को अभी एक माह भी पूरा नहीं हुआ था। शुक्रवार शाम को उन्होंने ज्योति को कॉल किया था, लेकिन उसने रिसीव नहीं किया। शनिवार सुबह संपर्क करने पर ससुराल वालों ने ज्योति की तबीयत खराब होने और अस्पताल ले जाने की बात कही। कुछ देर बाद ज्योति की मौत की सूचना मिली। मायके वालों ने ससुरा वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।


मौके पर मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार


ज्योति शर्मा।

- पोस्टमार्टम में महिला की मौत की वजह डूबना आया, जांच में जुटी पुलिस

> महिला की मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी। - **सोनाली मिश्रा**, सीओ द्वितीय

### हाथों की नहीं छूटी थी मेहंदी, बदहवास हो गए पिता

एक माह पहले जिस बेटी की शादी हुई थी उसके हाथों की मेहंदी भी अभी नहीं छूटी थी। बेटी की मौत की खबर सुनते ही पिता बदहवास हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह से उन्हें संभाला।

# पुत्रवधू के लेखपाल से अवैध संबंध का लगाया आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** सेवानिवृत्त सैनिक ने पुत्रवधू पर एक लेखपाल से अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है। लेखपाल और पुत्रवधू के बीच की चैटिंग मिलने पर उसने बारादरी थाने में पुत्रवधू समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीलीभीत बाईपास रोड स्थित एक कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त सैनिक के मुताबिक उनके बेटे का विवाह पिछले साल पीलीभीत के बिलसंडा निवासी युवती से हुआ था। विवाह के बाद पता चला कि पुत्रवधू के अवैध संबंध पीलीभीत के एक लेखपाल से हैं। किसी ने बताया कि लेखपाल और उनकी पुत्र वधू के बीच सोशल मीडिया पर घंटों चैट होती थी। लेखपाल की पत्नी ने चैट के स्क्रीनशॉट उन्हें भेजे थे। जब पुत्रवधू को इसकी भनक लगी तो वह घर में झगड़ा करने लगी। मौका पाकर दहेज का सारा सामान समेट ले गई। उसने बिलसंडा थाने में एक फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। आरोप है कि उनका बेटा जब पुत्रवधू को लेने गया तो वह जमीन, मकान और लाइसेंस उसके नाम कराने का दबाव बनाने लगी और फर्जी मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी देने लगी।

# जंक्शन पर बिना टिकट यात्रा करते 289 यात्री पकड़े


जंक्शन पर टिकट चेकिंग अभियान चलाते रेलवे की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डेढ़ लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया
- कई ट्रेनों में भी टीमों ने चेकिंग अभियान चलाया

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर शनिवार को बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। कई ट्रेनों में अलग-अलग टीमों ने चेकिंग की, जिसमें 289 यात्री बिना टिकट के यात्रा करते पकड़े गए। जिनसे एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

बरेली जंक्शन के सीएमआई सय्यद इमरान चिश्ती ने बताया कि शनिवार को मुरादाबाद मंडल के डीआरएम एवं प्रवर वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के निर्देश पर बरेली जंक्शन पर सघन बंदी चैकिंग के दौरान बिना टिकट एवं साधारण टिकट से स्लीपर कोच में यात्रा करते हुए 289 यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे 150970 रुपये जुर्माना वसूला गया। इस अवसर पर सीआईटी स्टेशन ओम प्रकाश भारद्वाज, सीआईटी अर्जुन भगत, टीटीआई राकेश कुमार, सौरभ सक्सेना, इंद्रेश सक्सेना, रजनी बाला, पूनम चौधरी और आरपीएफ और जीआरपीएफ की टीम आदि मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर के बाद डिवाइडर से टकराई कार, युवक की जान गई

कार्यालय संवाददाता, बरेली


- कार चालक गंभीर रूप से हुआ घायल, महेशपुर फाटक के पास देर रात हुआ हादसा

**अमृत विचारः** सुभाषनगर क्षेत्र में शुक्रवार देर रात कार डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की मौत के बाद उसके घर में चल रही शादी की तैयारी मातम में बदल गई।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के अंगूरी टांडा निवासी 32 वर्षीय देवेश कुमार सिंह इफको केंद्र पर इंचार्ज थे। परिजनों ने बताया कि उसके चचेरे भाई हर्ष की शादी होने वाली है। शुक्रवार को हल्दी की रस्म हो रही थी। देवेश कुमार किसी काम से शहर आए थे, वापसी में महेशपुर फाटक के पास किसी अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी और कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में देवेश की मौके पर मौत हो गई जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। जहां कुछ देर पहले ही शादी की खुशियां लोगों के चेहरे पर थीं, मातम पसर गया। परिजनों ने बताया कि देवेश की शादी एक साल पहले हुई थी।

# 14 वर्ष पुराने मुकदमे में पिता-पुत्रों समेत चार दोषमुक्त

विधि संवाददाता, बरेली



- तत्कालीन राज्यमंत्री के दबाव पर दर्ज हुआ था 20 लोगों के खिलाफ मुकदमा

**अमृत विचार :** 14 वर्ष पुराने मारपीट, बलवा, धमकी देने, अपमानित करने, एससी-एसटी एक्ट मामले में स्पेशल जज एससी-एसटी एक्ट विजेन्द्र त्रिपाठी ने परीक्षण में संदेह का लाभ प्रदान करते हुए थाना बिथरी चैनपुर इटौआ बेनीराम निवासी मिढ़ई लाल, उनके तीन पुत्रों सुरजीत, राजीव व संजीव को दोषमुक्त कर दिया।

थाना इज्जतनगर के ग्राम डोहरा लालपुर निवासी राम श्री ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर बताया था कि वह 24 अप्रैल 2011 को 12 बजे अपने पति के साथ खेत पर गेहूं निकालने के लिए इकट्ठा कर रही थी, तभी पड़ोस के खेत में सुरजीत, राजीव, संजीव अपने पिता मिढ़ई अपनी मशीन से गेहूं निकाल रहे थे। उसने उनसे कहा कि वह उसके भी गेहूं निकाल दें तब सभी ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि तुम्हारा गेहूं नहीं निकलेगा। विरोध करने पर गालियां दी। पति ने भी विरोध किया तो उसे और उसके पति पर नाजायज हथियार लेकर उसे व उसके पति को घर तक दौड़ाया और कुछ देर बाद 15-20 लोगों के साथ आकर घर पर चढ़ाई कर दी। उनके हाथों में धारदार हथियार थे। गांव के अन्य लोगों के आ जाने के कारण जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि नौकरी करने तो जाएगा तो साले को घेर कर मार डालेंगे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद चारों पिता-पुत्रों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 5 गवाह पेश किये।

### बचाव पक्ष के वकील ने बतायी फर्जी मुकदमे की हकीकत

बचाव पक्ष के वकील श्यामदास शर्मा ने बताया पूर्व सचिव बार एसोसिएशन स्व. वीपी ध्यानी उनके गुरु थे। उनके निधन के बाद उन्होंने इस केस को अपने साथियों नमन ध्यानी, डीपी ध्यानी, वी के भोजवाल, शालू सिंह भदोरिया के सहयोग से लड़ा और चार निर्दोषों को 14 वर्ष बाद न्याय दिलाया। इस मुकदमे को राजनैतिक रंजिश के तहत पूर्व राज्यमंत्री ने वादिनी को ढाल बनाकर राजनैतिक शक्ति का प्रयोग करके मुल्जिमों पर लिखवा दिया था। मुकदमे में 20 लोगों को नामजद किया गया था। पुलिस ने विवेचना में 16 नाम निकाल दिये थे। अब चार आरोपियों को न्यायालय से न्याय मिला।

### सामूहिक दुष्कर्म में दोषी को 20 साल की कैद

**बरेली, अमृत विचार :** आठ साल पहले 16 साल की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी वीर सावरकर नगर, आदर्श नगर कॉलोनी, डेलापीर निवासी शिवम को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट नरेंद्र प्रकाश ने 20 वर्ष कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। शिवम के पिता सैनिक हैं। सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता ने थाना बिथरी चैनपुर में तहरीर देकर बताया था कि वह 3 अप्रैल 2017 को करीब 2 बजे शौच करने गई थी। वहां पर किशोर अपचारी और शिवम आए और उसे गन्ने के खेत के अंदर खींच कर ले गए और दोनों ने उसके साथ गलत काम किया। जब उसने शोर मचाया तो दोनों वहां से भाग गये। उसने घर आकर पूरी बात अपनी मां को बताई तो मां उसे थाने लेकर गईं। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के बाद सबूत जुटाकर आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। पीड़िता ने अपने बयान में भी पूरी बात बताई थी। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

# बिजली विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दर्जनों लोग हुए ठगी का शिकार पुलिस से शिकायत, जांच शुरू
- आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र देकर किया गुमराह

**अमृत विचारः** खुद को बिजली विभाग में कर्मचारी बताकर एक ठग ने दर्जनों लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर ली। इतना ही नहीं आरोपी ने उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ितों ने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगा। पीड़ितों ने आरोपी के खिलाफ फतेहगंज पूर्वी थाने में शिकायत दी है।

बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गांव चंदपुर बिचपुरी निवासी अयूब, फरीदपुर के मो. उवैस, एजाजनगर गौटिया के दिलजान के अलावा करीब 10 से 12 लोगों ने बताया कि उनकी मुलाकात फतेहगंज पूर्वी के रहने वाले एक परिचित युवक से हुई। युवक ने खुद को बिजली विभाग में अधिकारी बताया। आरोपी ने कहा कि वह विभाग में सरकारी नौकरी लगवा देगा। उसके बाद उसने किसी से 50 हजार तो किसी से एक से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक ले लिए। आरोपी ने पीड़ितों को फर्जी नियुक्ति पत्र भी देकर कई माह तक विभाग में ट्रेनिंग करवा, लेकिन उसने ज्वाइनिंग नहीं कराई। ज्वाइनिंग की बात पर वह टालमटोल करने लगा। उसके बाद पीडितों को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। पीड़ितों ने फतेहगंज पूर्वी थाने में शिकायत करके आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। फतेहगंज पूर्वी थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

# चालक-परिचालक के साथ मारपीट वीडियो वायरल

**बरेली, अमृत विचारः** कार को साइड नहीं देने पर पिकअप के चालक और परिचालक के साथ कार सवार लोगों ने जमकर मारपीट की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वीडियो में सुभाषनगर थाना क्षेत्र के करगैना चौकी क्षेत्र में कुछ युवक गाड़ी के चालक और परिचालक को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो मौके पर मौजूद दूसरी कार में बैठे लोगों ने रिकॉर्ड किया। लोग इसे शेयर करके आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# कन्हैया गुलाटी, पत्नी और बेटे समेत चार पर एफआईआर

**बरेली, अमृत विचारः** कैनविज कंपनी के एमडी कन्हैया गुलाटी पर दो दिन में लगातार दो रिपोर्ट दर्ज की गई है। अब बारादरी थाने कन्हैया गुलाटी, उनकी पत्नी और बेटे समेत एजेंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कैंट थाना क्षेत्र के चनेहटा निवासी धर्मदास गुप्ता ने बताया कि 2019 में कंपनी के सीनियर एजेंट मो. सलीम के झांसे में आकर उन्होंने एफडी के नाम पर रकम जमा की थी। उसके बाद कंपनी ने रकम वापस देने के नाम पर 16 हजार रुपये के 42 और 14 हजार रुपये का एक चेक जारी किया, लेकिन सभी चेक बैंक में बाउंस हो गए। शिकायत करने पर कंपनी मालिकों ने पुराने चेक वापस लेकर 2.81 लाख रुपये का नया चेक दिया, जिसकी तारीख 20 अक्टूबर 2025 दर्ज थी। यह चेक भी बाउंस हो गया। धर्मदास का आरोप है कि कई बार ऑफिस जाने पर उन्हें आश्वासन देकर टरकाया गया। दो दिन पहले भी राधिका गुलाटी ने 15 नवंबर को भुगतान होने की बात कही, लेकिन 16 नवंबर तक भी खाते में रकम नहीं पहुंची। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी, उसकी पत्नी राधिका गुलाटी, बेटे गोपाल गुलाटी और एजेंट मो. सलीम पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# सभी अदालतों पर मुसलमानों का भरोसा : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचारः** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने जमीयतुल उलमा के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए निंदा की। उन्होंने कहा कि उनका बयान समाज को बांटने, देश को भ्रमित करने और मुसलमानों को भड़काने वाला है। सुप्रीम कोर्ट ही नहीं बल्कि सभी अदालतों पर मुसलमानों का भरोसा है। संसद जनता के हितों के लिए काम करती है, हमारा इस पर भी भरोसा है। कोई भी सरकार जनता के हितों के खिलाफ काम नहीं करती।

# सील तोड़कर बैंक की संपत्ति पर किया कब्जा, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचारः** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की कब्जे में ली गई एक संपत्ति पर दोबारा अवैध कब्जा कर लिया गया। बैंक के अनुसार कर्जदार राजीव कुमार सिंह ने बैंक की सील और ताला लगाए गए मकान को तोड़कर फिर से घर में प्रवेश कर लिया और वहां रहना शुरू कर दिया। इस मामले में बैंक मैनेजर की ओर से थाना सुभाषनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

- बैंक ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में 1 सितंबर को लिया था कब्जा

बैंक मैनेजर विवेक यादव ने बताया कि 26 अक्टूबर 2024 को पारित आदेश के तहत मोहल्ला नेकपुर स्थित दो मंजिला आवासीय मकान का भौतिक कब्जा बैंक को सौंपा गया था। यह कार्रवाई सरफेसी एक्ट के तहत की गई थी। आदेश के अनुपालन में 1 सितंबर को कार्यपालक मजिस्ट्रेट विदित कुमार, नायब तहसीलदार, सदर और थाने की पुलिस टीम की मौजूदगी में बैंक अधिकारियों ने मकान पर कब्जा लिया था। कब्जे के बाद बैंक ने मकान पर सील और ताला लगाकर उसे सुरक्षित कर दिया था, लेकिन कुछ दिनों बाद बैंक की टीम जब संपत्ति की स्थिति का निरीक्षण करने दोबारा पहुंची, तो देखा कि मकान का ताला और सील टूटी हुई थी। बैंक टीम के मुताबिक राजीव कुमार सिंह और कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने मकान में घुसकर अवैध रूप से कब्जा जमा लिया था। पुलिस ने राजीव कुमार सिंह और अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# बरेली ने सुपर ओवर में शाहजहांपुर को हराया

- 26 वीं अंतर्जनपदीय बरेली जोन क्रिकेट प्रतियोगिता

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में आयोजित 26 वीं अंतर्जनपदीय बरेली जोन क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 के दूसरे दिन शनिवार को 4 मैच हुए, जिसमें अमरोहा, बरेली और पीलीभीत ने जीत दर्ज की।

पहला मैच निशांत पटेल स्टेडियम में शाहजहांपुर और अमरोहा के बीच हुआ, जिसमें शाहजहांपुर ने 170 बनाए, जिसमें मानिक सिरोही ने 37 81 रन बनाए। अमरोहा की तरफ से ऋषभ चक्रवर्ती ने 5 विकेट बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमरोहा की टीम ने 19 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरा मैच रामपुर पुलिस और पीलीभीत के मध्य खेला गया, जिसमें रामपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 208 रन बनाए। रामपुर की तरफ से हेमराज ने सर्वाधिक 80 रन बनाए। पीलीभीत की तरफ से अभिषेक सिरोही ने 4 ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट लिए। पीलीभीत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 19 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विक्रांत ने सर्वाधिक 101 रन बनाए। तीसरा मैच बिजनौर और अमरोहा के बीच हुआ। बिजनौर ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाए। अमरोहा ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 ओवर में 142 रन बनाकर तीन विकेट से मैच जीत लिया। अंतिम मैच शाहजहांपुर और बरेली के बीच हुआ। जिसमें शाहजहांपुर में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाएं, जिसमें मानिक सिरोही ने सर्वाधिक 73 रन बनाए। बरेली की तरफ से दुष्यंत ने चार ओवर में 29 रन देकर चार विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बरेली भी 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 161 रन बना सकी। मैच का निर्णय सुपर ओवर में हुआ, जिसमें बरेली ने 1 ओवर में 19 रन बनाए। अवनीश ने सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी कर मात्र 6 रन देकर बरेली को जीत दिलाई।

# अधिवक्ता के पति और सास को पुलिस ने भेजा जेल

**बरेली, अमृत विचारः** जज की अधिवक्ता भतीजी की मौत के मामले में प्रेमनगर पुलिस ने उसके पति और सास को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

बारादरी थाना क्षेत्र के सहसवानी टोला निवासी मो. हाशिम अंसारी ने प्रेमनगर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी अधिवक्ता महजबीन की शादी 27 फरवरी को डॉ. तलहा पुत्र डॉ. मेहंदी हसन के साथ की थी। आरोप था कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उनकी बेटी की हत्या कर दी गई। प्रेमनगर पुलिस ने पति समेत 7 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार को प्रेमनगर पुलिस ने पति मो. तलहा और सास आसमा सकलैनी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई आशीष कुमार, मो. सरताज, आरती चौधरी, शुभम कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# चार आरोपियों को किया जिला बदर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एडीएम प्रशासन की अदालत ने तीन महीने के लिए जिले से किया बाहर

**अमृत विचारः** अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अदालत ने चार अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई की है। इसके अलावा अवैध तेल और गैस सिलेंडर कारोबार में शामिल आरोपियों पर भी कार्रवाई की है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह की अदालत ने गुंडा एक्ट के तहत चार आरोपियों को तीन महीने के लिए जिले की सीमा से बाहर किया है। इनमें क्योलड़िया थाना क्षेत्र के सैफ खां उर्फ शोएब पर बरेली और पीलीभीत में लूट और जानलेवा हमले के चार मामले दर्ज हैं। इसी तरह तौसीफ निवासी प्रहलादनगर, थाना क्योलड़िया पर भी गंभीर धाराओं के छह, सचिन गंगवार निवासी हाफिजगंज पर डकैती के प्रयास, गिरोहबंदी और हमले जैसे मामलों के चार और आमिर उर्फ कातिया, निवासी चाणक्यपुरी, नवाबगंज पर नवाबगंज और बहेड़ी थानों में 10 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा भुता थाना क्षेत्र में हसरत पुत्र अजमत को उसकी गतिविधियों को देखते हुए पाबंद किया गया है। पुलिस को उस पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### अवैध तेल और गैस सिलेंडर कारोबार पर भी शिकंजा

प्रशासन की ओर से नवंबर में ठिरिया निजावत खां में अनवर के यहां से करीब 1150 लीटर अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ बरामद किया। तेल को ड्रम समेत जब्त किया गया। फरीदपुर में ओम पब्लिक स्कूल के सामने स्थित शर्मा बिल्डिंग मैटेरियल और सीमेंट स्टोर पर अवैध गैस सिलेंडरों का भंडारण मिलता पाया गया। यहां से 14 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त हुए। इसी क्षेत्र में एक मकान के बाहर से भी 5 गैस सिलेंडर बरामद किये गए।

# शहर के विकास को मिला अब तक का सबसे बड़ा बजट

## नगर निगम में मेयर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में कार्यकारिणी बैठक में 978 करोड़ का पुनरीक्षित बजट पास, हर वार्ड में एक-एक करोड़ होंगे खर्च

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मेयर डा. उमेश गौतम की अध्यक्षता में शनिवार को नगर निगम कार्यकारिणी समिति की बैठक में 978 करोड़ का पुनरीक्षित बजट पारित कर दिया गया। शहर में विकास कार्यों को गति देने को लिए यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है। दावा किया गया इस बजट से शहर के वार्डों में लंबे समय से रुके कामों को रफ्तार मिलेगी। बजट का बड़ा हिस्सा सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइट्स, पानी, साफ-सफाई व्यवस्था पर खर्च किया जाएगा।

नगर निगम में महापौर कार्यालय में शनिवार को सुबह 11 बजे बैठक शुरू होने के कुछ समय बाद माहौल भी गर्मा गया। कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि तमाम वार्ड ऐसे हैं जहां विकास कार्य ठप हैं। इस पर मेयर ने अधूरे कार्यों और स्ट्रीट लाइटों को लेकर अफसरों पर जमकर भड़ास निकाली। कहा नगर निगम ब्याज से दस करोड़ रुपये कमा रहा है, फिर भी सड़कें टूटी और लाइटें बुझी हैं। सदस्यों से कहा कि 978 करोड़ का बजट पारित हुआ है। इससे शहर के सभी 80 वार्डों में विकास की गंगा बहेगी। हर वार्ड में 15 दिसंबर तक एक-एक करोड़ के कार्य हर हाल में पूरे करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति के सदस्यों ने हाईमास्ट लाइट का मुद्दा उठाया। इस पर मेयर ने कहा कि हर वार्ड में हाईमास्ट लाइट लगनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से जब पूछा कि अभी तक सभी जगह लाइट क्यों नहीं लगी तो वो बहानेबाजी करने लगे। मेयर ने कहा कि दिवाली से पहले हमने कहा था हर वार्ड में 25-25 लाइट लग जाएं, लेकिन किसी वार्ड में एक लगी तो किसी में एक भी नहीं लगी। चीफ इंजीनियर से कहा कि निर्माण कार्य से जुड़े प्रस्तावों की फाइल मेरे पास आने में कई कई दिन लग जाते है। कहा हमारा और नगर आयुक्त का ऑफिस आमने-सामने है, फिर भी नगर आयुक्त के पास से हमारे पास आने तक फाइल में नौ दिन लग जाते हैं। अधिकारियों से कहा बाबू का जो लेबल है उसे सुधार दीजिए। बाबू से कहिए 24 घंटे से ज्यादा फाइल अपने पास नहीं रखेंगे। अगर बाबू नहीं मानते हैं तो उन्हें नोटिस जारी करिए। जनता ये पूछती है आपके पास पैसा है फिर भी काम क्यों नहीं हो रहा। बरेली की जनता को लगना चाहिए कि हम लोग 24 घंटे उनकी सेवा में लगे हुए हैं। 15 दिन में काम पूरा करवाए। सदस्य पार्षद सतीश कातिब मम्मा ने कहा कि हर बाबू की एक ही कहानी है कि वह बीएलओ की ड्यूटी में लगे हैं, इसलिए फाइलें समय से आगे नहीं बढ़ रही हैं। इस पर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर फाइल नहीं रुकनी चाहिए।


नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में शामिल मेयर उमेश गौतम, नगर आयुक्त संजीव कुमार और सदस्य। ● अमृत विचार

● **सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइट्स, पानी, साफ-सफाई पर खर्च होगा बजट का बड़ा हिस्सा**

### प्रत्येक वार्ड में 50-50 लाख से होंगे नाली और सड़क के कार्य

शहर के विकास के लिए नगर निगम का 80 करोड़ का बजट है, लेकिन इसमें अब तक केवल 12 करोड़ रुपये ही खर्च हुआ है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में ज्यादा समय नहीं है। इस पर मेयर ने नाराजगी जताई और अफसरों से कहा बजट पूरा है, संसाधन पूरे हैं, लेकिन समय से टेंडर न होने से काम अधूरे हैं। मेयर ने टेंडर निकालने के लिए 15 दिसंबर तक की डेडलाइन दी। कहा कि इसमें अगर देरी हुई तो पैसा लैप्स होगा और यह किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। सभी विभागों को कहा गया है कि समय सीमा में काम पूरा करें। कार्यकारिणी ने सभी वार्डों में 50-50 लाख की सड़क, नाली-नाले और अन्य निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की।

### सिर्फ अपने चेहतों के वार्डों पर मेहरबानी न दिखाएं अफसर

बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों ने हाईमास्ट और स्ट्रीट लाइट को लेकर सवाल उठाए। इस पर मेयर ने कड़ी नाराजगी जताई और सहायक अभियंता अजीत कुमार से पूछा कि वार्डों में लाइटें लगाने में भेदभाव क्यों किया जा रहा है। कई वार्डों में एक भी लाइट नहीं लगी तो कुछ में सात से आठ लाइटें लग गईं। मेयर ने साफ कहा कि अफसर चहेतों का ख्याल रखने के लिए भेदभाव कर रहे हैं। सहायक अभियंता अजीत कुमार से इसको लेकर सवाल किए तो वह बहानेबाजी करने लगे। मेयर ने फटकार लगाते हुए कहा तीन महीने से उनको किस वार्ड में कितनी लाइटें लगी हैं, इसकी लिस्ट नहीं दी जा रही हैं। नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त से कहा कि सभी वार्डों में समानता के साथ काम होना चाहिए। हर वार्ड में 100-100 लाइटें लगाई जाएं। चीफ इंजीनियर को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी जरूरी टेंडर तुरंत जारी हों।

### नगर आयुक्त बोले- पहले एस्टीमेट बनाओ, बाकी काम बाद में कराओ

मेयर ने निगम के पास बजट भरपूर होने पर भी टेंडर नहीं किए जाने पर सवाल किए तो अपर नगर आयुक्त से लेकर निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर और एक्सईएन सफाई देते दिखे। मेयर ने कहा कि बरेली को इंदौर और चंडीगढ़ जैसे शहरों की तरह विकसित करने की योजना है। हम चाहते हैं कि किसी भी वार्ड में टूटी सड़क, नाली या अधूरी सीवर लाइन न छोड़ें। हर गली में लाइटें पूरी हों। बरेली पूरी तरह रोशन और व्यवस्थित दिखे, लेकिन बजट होने के बाद भी टेंडर नहीं किए जा रहे हैं। इस पर नगर आयुक्त ने एक्सईएन राजीव राठी को निर्देश दिए कि सबसे पहले सड़क आदि के 50-50 लाख के एस्टीमेट बनाएं, इसके बाद अन्य कार्यों पर ध्यान दिया जाए।

### स्ट्रीट डॉग्स को नियत स्थान पर दिया जाएगा भोजन

मेयर ने बताया कि स्ट्रीट डॉग्स के लिए सुप्रीम कोर्ट और शासन के निर्देश हमें प्राप्त हो चुके हैं। हम फीडिंग पॉइंट चिह्नित कर रहे हैं, जहां स्ट्रीट डॉग्स को नियत स्थान पर भोजन दिया जाएगा। अभी तक लगभग 45 स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। इससे उनका लोकेशन फिक्स रहेगा और वैक्सीनेशन आसानी से हो सकेगा, क्योंकि अभी वे यहां-वहां घूमते रहते हैं और पकड़ में नहीं आते। इसके अलावा एक शेल्टर होम भी बनाया जा रहा है, जहां बीमार या रेबीज वाले कुत्तों को अलग रखकर इलाज किया जाएगा। इससे जनता सुरक्षित रहेगी और कुत्तों की उचित देखभाल भी हो सकेगी।

## सिटी ब्रीफ

### पेंशनर्स की न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार :** ईपीएफ-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के मंडल अध्यक्ष ओपी शर्मा, जिलाध्यक्ष सुशील सक्सेना के नेतृत्व में पेंशनर्स ने शनिवार को न्यूनतम पेंशन एक हजार रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये मासिक करने की मांग को लेकर सांसद छत्रपाल गंगवार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि पेंशनर्स की संख्या 81 लाख है, जो अपनी सेवाकाल में सरकार के नियमानुसार पेंशन फंड में जमा करने के बाद भी अत्यल्प मासिक पेंशन राशि 1170 रुपये मिलने के कारण दयनीय अवस्था में जीवन जी रहे हैं। संगठन की ओर से पिछले नौ वर्ष से आंदोलन किए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिला है। पेंशनर्स में निराशा है, लेकिन वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आस लगाए बैठे हैं। पत्र में मांग की गई है कि न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये करने, पति-पत्नी को मेडिकल सुविधा प्रदान करने और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय अनुसार उच्च पेंशन लाभ को लागू करने के लिए कार्रवाई की जाए।

### महिला आयोग की सदस्य ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया




**बरेली, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने शनिवार को वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने प्रबंधक से केंद्र की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। केंद्र प्रबंधक चंचल गंगवार ने उन्हें बताया कि 14 पीड़िताएं केंद्र पर आवासित हैं। नवंबर में 109 प्रकरण केंद्र पर आए हैं। उन्होंने केंद्र में अल्पावास के लिए आई पीड़िताओं से बात की और केंद्र की ओर से दी जाने वाली वाली सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। महिलाओं ने बताया कि उन्हें कोई समस्या नहीं है। इस मौके पर चौकी प्रभारी रेखा कुमारी, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर रिंकी सैनी आदि मौजूद रहे।

## प्रधानाचार्य के आवास वाले विद्यालय नहीं बनेंगे परीक्षा केंद्र

**बरेली, अमृत विचार:** जिन विद्यालयों के परिसर में प्रबंधक, प्रधानाचार्य का आवास बना हुआ है, उन्हें परीक्षा केंद्र की सूची से हटाया जाएगा। साथ ही जिन विद्यालयों का रास्ता संकरा है, उन्हें भी परीक्षा केंद्र बनाने से बाहर रखा जाएगा।

डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद ने परीक्षा केंद्र बनाने के लिए गाइडलाइन जारी करने के साथ ही बोर्ड परीक्षा की समयसारिणी घोषित की है। परीक्षा केंद्र बनाने की प्रक्रिया में जिले के 404 राजकीय, एडेड एवं वित्तविहीन विद्यालयों ने अपनी मूलभूत सुविधाओं को परिषद के वेबसाइट पर अपलोड किया था। एसडीएम की अध्यक्षता में गठित टीम ने इन विद्यालयों का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट विभाग को सौंपी। एक दो दिन में परीक्षा केंद्रों की सूची आने की संभावना है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी लाएं, लापरवाही नहीं चलेगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अविनाश सिंह ने बैठक में कम प्रगति वाले बीएलओ को दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बीएलओ एप पर ईएफएस डिजिटाइज्ड में कम प्रगति वाले बीएलओ के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर सर्वे का कार्य में गति लाएं। मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें लापरवाही लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है।

जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि कोटेदारों के स्तर से सहयोग दिया जाए, ताकि बीएलओ को सर्वे कार्य में किसी प्रकार की बाधा न हो। यह भी कहा कि कहीं-कहीं यह देखने में आया है कि कार्य में लगाए कर्मचारी समय से कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे डाटा फीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूरा नहीं हो पा रहा है। इस पर भी उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयों में कर्मचारियों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए और डाटा फीडिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सुपरवाइजरों की यह जिम्मेदारी होगी कि वे अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ के कार्य की नियमित रूप से समीक्षा करें और जहां भी प्रगति धीमी दिखाई दे, वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाए। कहा कि शुद्ध, त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती की आधारशिला है, इसमें सभी की जिम्मेदारी और सहभागिता आवश्यक है। सभी उपस्थित बीएलओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक घर का शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर सर्वे किया जाए और आवश्यक सभी फार्म समयबद्ध रूप से भरे जाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता नामांकन से वंचित न रह जाए और अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाया जाए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला पूर्ति अधिकारी, एईआरओ, सुपरवाइजर एवं बीएलओ सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### गणना प्रपत्रों का प्रतिदिन किया जाए डिजिटलाइजेशन



**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने शनिवार को कैंट और बरेली विधानसभा क्षेत्रों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने रवींद्र नाथ टैगोर इंटर कॉलेज, सूरज भान गर्ल्स इंटर कॉलेज राजेन्द्र नगर और राइफल क्लब में चल रहे कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन कार्य प्रतिदिन अनिवार्य रूप से किया जाए और किसी भी स्तर पर कार्य लंबित न रहने पाए। उन्होंने कैंट क्षेत्र में बीएलओ के साथ भ्रमण कर मतदाता सूची का भौतिक सत्यापन भी किया और क्षेत्रवासियों से संवाद कर पुनरीक्षण कार्य से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही न करें। स्थानीय लोगों से कहा कि बीएलओ जब घर पर पहुंचें तो उनसे आवश्यक जानकारी साझा करें और अपने क्षेत्र के मतदाताओं को भी फॉर्म सही समय पर जमा कराने के लिए प्रेरित करें। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में मतदाता सूची से संबंधित अधिक समस्याएं सामने आ रही हैं, वहां विशेष शिविर लगाकर लोगों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आमजन को इस अभियान की समुचित जानकारी मिले, ताकि अधिक से अधिक नागरिक पुनरीक्षण कार्य के लिए आगे आ सकें।

## एसआईआर को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया

**बरेली, अमृत विचार :** एसआईआर से संबंधित समस्याओं को लेकर एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष असलम की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिले में वोटर लिस्ट का गहन पुनरीक्षण अभियान चल रहा है, लेकिन इसमें कई समस्याएं सामने आ रही हैं। कहा कि अभी तक कई क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म नहीं बांट पाए हैं। कई मतदाताओं के पास 2003 के वोटर कार्ड हैं, मगर उनके नाम वर्तमान वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हैं। इस दौरान प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी, रेहान अंसारी, नसीम खान, मो. असलम, अनय सकैलनी, अलताफ हुसैन अंसारी, युसुफ अली, गुड्डू अलवी, तौसीफ खान, इमरान अली नदीम मंसूरी आदि मौजूद रहे।

## पेंशनर्स के मुद्दे शामिल करने की मांग



कैंडल मार्च निकालते पेंशनर्स। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** सेवानिवृत्त कर्मचारी और पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से शनिवार को सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में आम सभा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पेंशनर्स और वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान आठवें वेतन आयोग के टर्म ऑफ रिफ्रेन्स में पेंशन पुनरीक्षण और अन्य लाभों को शामिल कराने की मांग की।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि पेंशनर्स के मुद्दों को आठवें वेतन आयोग में शामिल किया जाना जरूरी है, ताकि उनकी पेंशन और अन्य लाभों में वृद्धि हो सके। सरकार से मांग करते हुए कहा कि पेंशनर्स के हितों को संरक्षित किया जाए और उन्हें सभी हित लाभ दिए जाएं। राधारमण मिश्र, गजेंद्र पाल शर्मा, पीएन राम गुप्ता, घर्मेंद्र, सरदार कुलजीत सिंह, इंजी. भरत लाल, महेंद्रपाल, कृपाल देव, भगवत स्वरुप, नत्थूलाल, धर्मपाल सिंह ने भी विचार रखे।अध्यक्षता जिला मंत्री देव कुमार त्यागी ने की। सभा के बाद कैंडल मार्च निकाला गया, जो कलेक्ट्रेट तक गया। पेंशनर्स और वरिष्ठ नागरिकों ने मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम एफआर को सौंपा। सूरजपाल, श्यामलाल गंगवार, मुनीष गंगवार, सुभाष चौहान, विनोद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता समर के अल्पज्ञात बलिदानी का लोकार्पण

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत के की ओर शनिवार को शील नर्सिंग कॉलेज कमुआ कला के ऑडिटोरियम में पुस्तक विमोचन एवं सारस्वत अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें प्रसिद्ध कहानीकार डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा की कृति स्वतंत्रता समर के अल्पज्ञात बलिदानी का लोकार्पण राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील चंद्र त्रिवेदी मधुपेश और महामंत्री डॉ. पवन पुत्र बादल ने किया।

लेखक डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा ने बताया कि आजादी के लिए देश के छह लाख से अधिक युवाओं ने अपने प्राण न्योछावर किए, लेकिन इतिहास में उनका समुचित उल्लेख नहीं हुआ। इस पुस्तक के माध्यम से इन बलिदानों की गाथाएं नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अनिल मिश्रा पार्थ और अतुल मिश्रा ने कृति की समीक्षा करते हुए इसे एक सार्थक पहल बताया। मुख्य अतिथि डॉ. पवन पुत्र बादल ने कहा कि कृति की दो हजार से अधिक प्रतियां देशभर में बिक चुकी हैं। डॉ. सुशील चंद्र त्रिवेदी मधुपेश ने कहा कि साहित्य परिषद से जुड़े साहित्यकार लोक कल्याणकारी साहित्य रचें। आयोजन प्रांतीय महामंत्री डॉ. शशि बाला राठी की ओर से कराया गया। संचालन जनपदीय अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा ने किया। मोहन चंद्र पांडेय ने सरस्वती वंदना, अनिल शर्मा ने अभिनंदन गीत एवं उमेश चंद्र गुप्ता ने वंदेमातरम् गीत का गायन किया। वरिष्ठ साहित्यकार निरुपमा अग्रवाल, प्रो. डॉ. विनीता सिंह, प्रो. बलजीत सिंह, डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा, विमलेश चंद्र दीक्षित, डॉ. सीपी शर्मा, सौरभ त्रिपाठी, डॉ. अनिल मिश्रा, अतुल मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, उमेश चंद्र गुप्ता, डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निर्भय सक्सेना, जनपदीय मंत्री विमलेश चंद्र दीक्षित मौजूद रहे।


डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा की पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

● **पुस्तक के माध्यम से बलिदानों की गाथाएं नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया गया**

## सिटी डायरी

### हमारे सहायक प्रतियोगिता में बच्चों ने जीते पुरस्कार




**बरेली, अमृत विचार :** स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रेज स्कूल में शनिवार को हमारे सहायक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने पोस्टमास्टर, डॉक्टर, शिक्षक, कलक्टर, पुलिस, मजदूर, शैफ, बिजली मिस्त्री, सब्जी विक्रेता आदि बनकर सुंदर प्रस्तुति दी। प्री-नर्सरी में अगमप्रीत सिंह ने प्रथम, मोहम्मद सुल्तान ने द्वितीय व फातिमा अली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नर्सरी में हुरैन ने प्रथम, अथर्व पटेल ने द्वितीय और दित्या गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। केजी में गाफरा ने प्रथम, अमायरा ने द्वितीय और जन्नत जुबैर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रतीक्षा और अवधेश कुमार सक्सेना रहे। प्रबंध निदेशक डॉ. कृष्ण अवतार वार्ष्णेय और प्रधानाचार्या मिथिलेश ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों में छिपी प्रतिभा के प्रदर्शन के साथ ही आगे बढ़ने का उत्साह पैदा होता है। उन्होंने विजेताओं को सम्मानित किया। डॉ. वीरेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय, मांसी अरोरा, हिमांशी सक्सेना, प्रिया खंडूजा, रिंपी सक्सेना मौजूद रहीं।

### सीनियर सिटीजन सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब बरेली साउथ ग्लोरी की ओर से शनिवार को शहीद भगत सिंह पार्क में आयोजित कार्यक्रम में संयोजिका आशा अरोरा व गीता माथुर ने सीनियर सिटिजन को सम्मानित किया। सभी ने मिलकर भजनों का गायन किया। सुमन, इंदु बाला, उषा रानी, कमलेश, मंजीत कौर, रंजना, जेपी अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, गोपी श्याम जौहरी, राधा रानी व भूपिंदर कौर को सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष डॉ. सुधा भाटिया, सचिव अनुपमा शर्मा, मंडल सचिव डॉ. नीलू मिश्रा, सिम्मी, नूतन, रजनी, गुरदीप कौर, सीमा, रितु, डॉ. मीना जैन, दीक्षा अरोड़ा, रीना अरोड़ा, प्रतिमा, लता मित्तल, मीरा अनूप आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### स्थापना दिवस मनाया



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति का आठवां स्थापना दिवस कैंट के परगवा स्थित मंडल कार्यालय में मनाया गया। इस मौके पर किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया गया। इस दौरान जय जवान, जय किसान के नारे लगाए गए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह, जिला अध्यक्ष नंदकिशोर, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर और उमाशंकर, तहसील अध्यक्ष सुखपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### केवी में हुई राजभाषा हिंदी की कार्यशाला



**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय विद्यालय आईवीआरआई में शनिवार को राजभाषा हिंदी की कार्यशाला हुई। डॉ. मीता गुप्ता ने राजभाषा हिंदी के संवैधानिक प्रावधानों, विश्व पटल पर हिंदी की स्थिति व प्रशासनिक हिंदी के विषय में जानकारी दी। प्राचार्य मेवा लाल ने डॉ मीता गुप्ता का स्वागत किया। संचालिका आकांक्षा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। मुकेश सिंह ने आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में केंद्रीय विद्यालय संगठन की शैक्षिक परंपरा का जिक्र किया।

# नोडल अफसर ने केंद्रों पर देखी धान खरीद की हकीकत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शासन से नामित नोडल अफसर आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता योगेश कुमार ने शनिवार को बरेली मंडल में धान खरीद प्रक्रिया की हकीकत परखी। उन्होंने अधिकारियों के साथ डेलापीर मंडी, पैक्स भिंडौलिया और पैक्स बल्लिया में धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण कर खरीद व्यवस्था देखी। उन्होंने केंद्रों के रजिस्टरों को देखा और धान तौला चुके किसानों से फीडबैक लिया। इस दौरान एफसीआई के अफसरों को सीएमआर उठान के निर्देश दिए। शाम को खरीद को लेकर अफसरों के साथ समीक्षा बैठक भी की।

नोडल अधिकारी योगेश कुमार शनिवार सुबह करीब 11 बजे डेलापीर मंडी पहुंचे और यूपीएसएस के चार, पीसीयू के दो और मंडी के एक क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्रों पर उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। केंद्र प्रभारियों से कहा कि किसानों को किसी भी स्तर पर असुविधा न हो। तौल मशीनों की सटीकता, बारदाना उपलब्धता, पारदर्शी भुगतान व्यवस्था की हकीकत देखी। यूपीएसएस के केंद्रों पर धान का भारी मात्रा में स्टाक देख डिप्टी आरएओ से उठान के बारे में पूछा। नोडल अधिकारी ने बल्लिया में दलहन क्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान पाया कि उड़द खरीद के प्रति किसानों में अपेक्षित जागरूकता नहीं है। इस पर संबंधित अधिकारियों को उड़द खरीद केंद्रों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए, ताकि गांव-गांव तक जानकारी पहुंच सके और अधिक से अधिक किसान सरकारी खरीद का लाभ ले सकें। नोडल अधिकारी ने भिंडौलिया पैक्स समिति पर खाद और उर्वरक की स्थिति की जानकारी भी ली। डिप्टी आरएमओ और एआर कोआपरेटिव ब्रजेश परिहार को निर्देश दिए कि क्रय केंद्र निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करें, किसानों का उपार्जन समयबद्ध तरीके से हो। साफ कहा कि सरकार का प्रमुख लक्ष्य है कि किसान अपनी उपज उचित मूल्य पर बिना किसी बाधा के सरकारी केंद्रों पर आसानी से विक्रय कर सकें। केन्द्रों को मंडी की बजाय ब्लॉक और तहसील स्तर पर भी खोलने के निर्देश ताकि किसानों को भटकना न पड़े। इस दौरान आरएफसी मनिकंडन ए, आरएमओ सचिन कुमार, डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय, मंडी सचिव संतोष यादव मौजूद रहे।


मंडी में निरीक्षण करते नोडल अफसर योगेश कुमार के साथ अधिकारी।

● **नोडल अफसर ने अफसरों को सीएमआर उठान के निर्देश दिए**

### धान खरीद और भुगतान की समीक्षा की

नोडल अधिकारी ने शाम को बैठक में धान खरीद का हाल जाना। डिप्टी आरएमओ ने बताया कि पिछले साल की अपेक्षा इस बार धान की खरीद अधिक हुई है। समय से पहले लक्ष्य पूरा होने की संभावना जताई। नोडल अधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष धान क्रय की स्थिति, मिलर्स को धान की डिलीवरी, केंद्र पर अवशेष धान, डिलीवरी धान पर देय चावल, किसानों के भुगतान को लेकर भी जानकारी जुटाई और समय पर भुगतान कराने के निर्देश दिए।

## शहर में आज

- 26वीं बरेली जोन अंतर जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता पुलिस लाइन्स में सुबह 10 बजे से।
- गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी शताब्दी पर अकाल तख्त से आए पंज प्यारों द्वारा अमृत संचार मॉडल टाउन गुरुद्वारा में दोपहर 12 बजे।
- आईएमए की प्रदेश स्तरीय कॉन्फ्रेंस यूपीकॉन आइएमए भवन में सुबह 10 बजे से।
- श्री करण सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट सेक्रेड हार्ड स्कूल कैंपस नैनीताल रोड पर सुबह 9 :00 बजे।
- बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य यात्रा के लिए एकत्रीकरण विश्व हिंदू परिषद कार्यालय, श्री कृष्ण लीला स्थल पर दोपहर 12 बजे।
- आर्मी पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव फुटबॉल ग्राउंड एपीएस बरेली सीनियर विंग स्कूल कैंपस सुबह 10 :30 बजे।
- पंडित राधेश्याम कथावाचक की 135वीं जयंती पर रोटरी भवन में कार्यक्रम दोपहर 3 :00 बजे।
- बरेली ओब्स्ट्रिसगायनेकोलॉजी सोसाइटी का हेल्थ अवेरनेस कार्यक्रम होटल कासा डिवाइन में 4 बजे से 6 बजे तक।

# प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

## बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी में नेशनल फार्मेसी वीक का समापन, विजेताओं को सम्मानित किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित होने वाली छात्राएं, साथ में शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शनिवार को नेशनल फार्मेसी वीक का समापन हुआ। इस सप्ताह में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें वालीबॉल, एक्सटेम्पोर, लांग जम्प, पिक्चर स्पॉटिंग, क्विज, जम्ब्ल वड्र्स, लेमन रेस, पोस्टर, ट्रेजर हंट, सैक रेस, 100 मीटर रेस, फार्मा हब प्रमुख रहीं। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया।

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी की प्रधानाचार्या और केशलता हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र खंडेलवाल ने बताया कि वालीबॉल में प्रथम स्थान पर डीफार्मा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी रहे। एक्सटेम्पोर में राहुल रावत प्रथम, अमन द्वितीय और पूर्णिमा गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। लांग जम्प में प्रथम स्थान पर अभय यादव और कविता पटेल रहीं। पिक्चर स्पॉटिंग में प्रथम स्थान पर कृष्णा रस्तोगी, दूसरा स्थान पर राहुल रावत और तीसरे स्थान पर पूर्णिमा गुप्ता रहीं। क्विज में प्रथम स्थान पर कैलाश मीना, दूसरा स्थान पर मोहसिन अहमद और तीसरे स्थान पर मो. ताहिर रहे। जम्ब्ल वड्र्स में हर्षित चौहान प्रथम, अनिकेत गंगवार द्वितीय और कविता पटेल तृतीय स्थान पर रहीं।

लेमन रेस में मो. मुस्तफा प्रथम, साहिल खान द्वितीय और प्रिय गंगवार तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर में पूर्णिमा गुप्ता की टीम प्रथम स्थान पर रही। ट्रेजर हंट में प्रथम स्थान पर राहुल रावत की टीम रही। सैक रेस बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर अभय यादव, दूसरा स्थान पर हर्षित चौहान और तीसरे स्थान पर अनमोल कुमार रहे। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर नीतू, दूसरे स्थान पर कविता पटेल और तीसरे स्थान पर अनुष्का रहीं। 100 मीटर रेस बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर अभय यादव, दूसरा स्थान पर हर्षित चौहान और तीसरे स्थान पर अमन कुमार रहे। बालिका वर्ग में कविता पटेल प्रथम, पूर्णिमा गुप्ता द्वितीय और प्रिया गंगवार तृतीय स्थान पर रहीं। ब्लाइंड स्पॉटिंग में प्रथम स्थान पर अनुष्का, दूसरा स्थान पर कृष्णा रस्तोगी और तीसरे स्थान पर दीक्षा सक्सेना रहीं। पोपिंग पांग टॉस में प्रथम स्थान पर आयुष रहे। रोप स्किप्पिंग बालक वर्ग में अभय यादव और बालिका वर्ग में कविता पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फार्मा हब में कविता पटेल की टीम विजेता रही। ब्लॉगिंग में प्रथम स्थान पर डीफार्मा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राएं रहे। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने छात्र-छात्राओ को फार्मेसी वीक की बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। असिस्टेंट प्रो. जीवन चंद्र पांडेय, सुगंधा सिंह, वर्षा सैनी, सृष्टि कटियार, ऐश्वर्या यादव, लक्ष्मी देवी गंगवार, जगमोहन गंगवार, अनिल कुमार सिंह, अमित गंगवार, भावना गुप्ता मौजूद रहीं।

# भय, लालच और अज्ञानता से होते हैं साइबर फ्रॉड का शिकार


साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** एंटी-क्राइम एंड एंटी-करप्शन मिशन भारत ट्रस्ट की ओर से शनिवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म व बीआईयू कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बीए (मास कम्युनिकेशन), बीबीए (फाइनेंस एंड टैक्सेशन), बीकॉम (ऑनर्स) व बीसीए (आईटी एंड मल्टीमीडिया/ एआई एंड मशीन लर्निंग) के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि ट्रस्ट के चेयरमैन कमलजीत सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड भय, लालच या अज्ञानता के कारण होते हैं। उन्होंने मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने पर विशेष जोर दिया। सविता शर्मा और संजय शर्मा ने भी साइबर धोखाधड़ी के वास्तविक अनुभव साझा किए और डिजिटल सतर्कता की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा। प्राचार्य डॉ. अवनीश सिंह चौहान ने कार्यक्रम को सार्थक बनाने के लिए पूरी टीम का आभार जताया। डॉ. अवनीश सिंह चौहान, डॉ. सुनील कुमार सिंह, अंकित यादव, शालिनी सिंह, शिवोम शंखधार, शिवानी, छवि पाल, चमन बाबू, ट्रस्ट के संजीव अग्रवाल, रति राम, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे। समापन निधि भारती, अलीशा कुरैशी और प्रिया झा की ओर से राष्ट्रगान प्रस्तुत करने के साथ हुआ।

## सिटी ब्रीफ

### जगदीश चन्द्र बसु की जयंती मनाई

**बरेली, अमृत विचार :** जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को महान वैज्ञानिक एवं वनस्पति शास्त्री डॉ. जगदीश चंद्र बसु की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत आईवीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. हरिओम पांडेय और विज्ञान भारती के संगठन मंत्री डॉ. धर्मेश गोस्वामी ने की। डॉ. हरिओम ने कहा कि आचार्य बसु का आधुनिक विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान है। डॉ. धर्मेश ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई, जिसमें विजयी छात्रों को प्रधानाचार्य डॉ. रविशरण सिंह चौहान आदि ने पुरस्कृत किया। डॉ. गिरिराज सिंह, डॉ. अनिल सारस्वत सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# अभिनेता मुकेश जे भारती व मंजू भारती ने मंत्री से की मुलाकात


केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से मुलाकात करते अभिनेता मुकेश जे भारती।

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी में शूटिंग शुरू करने से पहले अभिनेता मुकेश जे भारती व विवेक फिल्मस प्रोडक्शन हाउस की निर्माता मंजू भारती ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से दिल्ली में मुलाकात की।इस दौरान कई विषयों पर चर्चा हुई।

मंत्री पंकज चौधरी ने उत्तर प्रदेश में शूट के दौरान हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने रिकवरी फिल्म की पटकथा को समझते हुए कहानी की बहुत सराहना की। फिल्म की शूटिंग लखनऊ और बरेली शहर में की जाएगी। निर्माता मंजू भारती ने मंत्री पंकज चौधरी का धन्यवाद किया और मुकेश जे भारती ने खुशी जताई।

## छात्रवृत्ति फॉर्म जमा करने को लगी लाइनें


मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की वजह से दो दिन के बाद शनिवार को बरेली कॉलेज खुला तो परिसर में विद्यार्थियों की काफी भीड़ देखी गई। अधिकतर छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति फॉर्म जमा करने के लिए पहुंचे। काउंटरों पर सुबह से ही विद्यार्थियों की लंबी कतारें लगी रहीं। कॉलेज प्रशासन ने बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त काउंटर के साथ अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई। छात्रवृत्ति फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। छात्रों की भारी भीड़ को काबू करने के लिए चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे प्रॉक्टोरियल बोर्ड के साथ पहुंचे और अतिरिक्त काउंटरों पर छात्रों की लाइनें लगवाईं। कुछ दिव्यांग भी फॉर्म को जमा करने पहुंचे। ● अमृत विचार

# बरेली कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में पीजी फोरम का उद्घाटन


कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी और शिक्षक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में शनिवार को पीजी फोरम का उद्घाटन विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने एमएससी के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के महत्व के बारे में समझाया।

पीजी फोरम के निदेशक डॉ. संदीप रघुवंशी ने छात्रों को जिम्मेदारी के बारे में अवगत कराया। छात्र कार्यकारिणी में एमएससी की दिव्यांशी गौतम को अध्यक्ष, सैयद दानिया हसन को उपाध्यक्ष, कल्पना सिंह को सचिव, अविरल गंगवार को संयुक्त सचिव, आकाश साहू और रिहा फातिमा को मीडिया प्रभारी और खुशी गंगवार व निशा गंगवार को कोषाध्यक्ष पद के बैज लगाकर शिक्षकों ने सम्मानित किया। प्रो. क्षमा द्विवेदी, प्रो. रेनू चौधरी, प्रो. बीनम सक्सेना, डॉ. सीमा कुदेशिया, डॉ. मीनाक्षी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कृष्ण चंद्र गांधी की स्मृति में मनाया समर्पण निधि कार्यक्रम


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे और शिक्षक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** नैनीताल मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को कृष्ण चंद्र गांधी की स्मृति में समर्पण निधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर योजना के जनक कृष्ण चंद्र गांधी ने सन 1952 में गोरखपुर से योजना को प्रारंभ किया। उनका विचार था कि भारत के जन-जन शिक्षा पहुंच सके, इसके लिए बनवासी, गिरिवासी, पूर्वोत्तर क्षेत्र में विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग कर रही है। सहयोग की पूर्ति के लिए प्रति वर्ष 24 नवंबर से 30 नवंबर तक समर्पण सप्ताह आयोजित किया जाता है। विद्यालय प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने ऐसे कार्यक्रमों में जुड़ने के लिए अभिभावकों से आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक और और छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# स्कूली दिनों को याद कर भावुक हुए अजय

- इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस अजय भनोट ने बिशप कॉनराड स्कूल का किया दौरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कार्यक्रम में मौजूद इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस अजय भनोट व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सफलता की बुलंदियों को छूने के बाद जब व्यक्ति अपने बचपन के स्कूल लौटता है तो वह उसके लिए सिर्फ एक यात्रा नहीं बल्कि अपनी नींव से दोबारा जुड़ने का महत्वपूर्ण क्षण होता है। शनिवार को बरेली के बिशप कॉनराड स्कूल में ऐसा ही भावुक और सम्मानित पल देखने को मिला। जब इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस अजय भनोट ने अपने पुराने विद्यालय बिशप कॉनराड का दौरा किया।

उनके सम्मान में विद्यालय प्रबंधन की ओर से भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जस्टिस अजय भनोट अपने बचपन के विद्यालय पहुंच कर भावुक दिखाई दिए। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर अपनी सफलता के अनुभव साझा किए और भविष्य में कुछ करने की प्रेरणा लेने को कहा। उन्होंने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा इसी स्कूल से हुई थी। जब उनके पिता रिटायर्ड ब्रिगेडियर अशोक भनोट भारतीय सेना में बरेली में तैनात थे। कैम्पस विजिट के दौरान जस्टिस भनोट ने विद्यालय के कई हिस्सों का निरीक्षण किया और अपने छात्र जीवन की यादों को ताजा किया। उन्होंने बिशप इग्नीशियस डिसूजा, प्राचार्य फादर रॉयल एंथनी, स्टाफ और छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों बाद भी जिस आत्मीयता से उनका स्वागत किया गया। उसने उन्हें फिर से छात्र जैसा महसूस कराया।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited from Indian/NRI/Foreign National Students for Admission to Ph.D. Programmes January 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management
- Faculty of Allied Health Sciences (Faculty of Paramedical Sciences) (Ph.D. in Medical Laboratory Technology/Physiotherapy)

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th November, 2025

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# शबद गायन कर संगत को निहाल किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गुरुद्वारा गुरु गोविंद सिंह में नगर कीर्तन दरबार का आयोजन

**अमृत विचार :** शीश संस्कार दिवस पर मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा गुरु गोविंद सिंह में शनिवार को नगर कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ। सुबह आसा की वार का कीर्तन सतवंत सिंह ने किया।

दिल्ली से आए प्रो. सुखविंदर सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत ने हिंदुस्तान के लोगों में इंकलाब की अलख जगाई। तीन सिख भाई मती दास, सती दास व दयाला और गुरु तेग बहादुर की शहादत के बाद एक भी जनेऊ मुगल शासक औरंगजेब और उसके सिपहसालर नहीं उतरवा सके। गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर लोगों में क्रांति की लहर जाग्रत होने लगी। आज के ही दिन आनंदपुर साहिब में गुरु तेग बहादुर के शीश का संस्कार किया गया। जहां गुरुद्वारा सीसगंज साहिब सुशोभित है। श्री दरबार साहिब से आए रागी गुरमेल सिंह ने गुरबाणी कीर्तन में गुरु गोबिंद सिंह साहिब द्वारा औरंगजेब को लिखे जफरनामे का गायन किया। रात्रि के दीवान में ग्रंथी साहिब ने रहिरास साहिब का पाठ किया। हजूरी रागी सतवंत सिंह ने गुरु तेग बहादुर साहिब द्वारा रचित बाणी सलोक महला 9 का कीर्तन किया। नानकपुरी साहिब से आए रागी नाजर सिंह ने "सूरा सो पहिचानिये जो लरै दीन के हेत। पुरजा पुरजा कट मरै कबहूं न छाडै खेत" शबद का गायन किया। संचालन महासचिव गुरदीप सिंह ने किया।

अध्यक्ष मालिक सिंह कालड़ा ने संगत का आभार जताया। उन्होंने बताया रविवार को अमृत संचार का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए श्री अकाल तख्त साहिब से पंज पियारे आ रहे हैं। राजेंदर सिंह, मनदीप सिंह, बलविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, चंदरमोहन खन्ना, अमनदीप सिंह आदि का सहयोग रहा।

## सिटी डायरी

### स्कूलों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर चर्चा




**बरेली, अमृत विचार :** शहर के एक होटल में शनिवार को बरेली सहोदया स्कूल्स कॉम्प्लेक्स और ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय की ओर से कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रशासन, अधिगम और नीतिशास्त्र पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बरेली, बदायूं, पीलीभीत समेत अन्य जिलों से 65 प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। बरेली सहोदया स्कूल्स कॉम्प्लेक्स की अध्यक्ष जेके साहनी ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाचार्यों का स्वागत किया। कार्यशाला में डॉ. सचिन घई, प्रमुख आईओएस डेवलपमेंट सेंटर, ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय, प्रेरणा त्रिपाठी, मध्यस्थ, संस्थापक आईएसी, पारुष अरोरा,अध्यक्ष पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने दो पैनल पर चर्चा की और कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज की जरूरत है और सभी के लिए उपयोगी है। कार्यशाला आयोजित करने में डॉ. योहान कुंवर, आयोजन संयोजक बरेली सहोदया स्कूल और प्रधानाचार्य विद्या वर्ल्ड स्कूल का विशेष रूप से सहयोग रहा।

### नेत्र परीक्षण शिविर में 200 की जांच




**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब की ओर से शुभम चेरिटेबल फाउंडेशन के सौजन्य से शनिवार को सीबीगंज स्लीपर रोड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में निशुल्क नेत्र परीक्षण, ऑपरेशन, दवाई और चश्मा वितरण शिविर का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन करते हुए अधिवक्ता अनिल सक्सेना ने कहा कि मानव सेवा सर्वोत्तम सेवा है। शिविर में 200 से अधिक बच्चों और बड़ों की आंखों की जांचें की गईं। अधिकतर की नजर कमजोर पाई गई। डॉ. दिलीप सिंह, डॉ. विश्रुत, डॉ. शैलेश पांडेय, अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, महासचिव प्रदीप माधवार, प्रकाश चंद्र सक्सेना, कल्पना सक्सेना, अरुणा सिन्हा, मुकेश सक्सेना, राजेश सक्सेना, संजय, सुनीता अग्रवाल, एएस अग्रवाल मौजूद रहे।

### आईटीआई : रोजगार मेले में 203 अभ्यर्थियों का चयन



**सीबीगंज, अमृत विचार :** खुसरो आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन हुआ, जिसमें 350 में से 203 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। प्रिंसिपल विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि रोजगार मेले में एसबीआई क्रेडिट कार्ड, अशोक लीलैंड, यामाहा, हैवेल्स सहित कुल दस कंपनियों ने प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया पूरे दिन उत्साहपूर्ण माहौल में चली। आईटीआई के एमडी शेर अली जाफरी, सेवायोजन विभाग के अनिल पाठक, राम अवतार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### शिविर में 108 बच्चों के दांतों की जांच हुई




**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब फ्रेगरेंस की ओर से शनिवार को संजय नगर स्थित श्री साईं नाथ शिशु मंदिर स्कूल में निशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 108 बच्चों के दांतों की जांच गई। दंत चिकित्सक डॉ. नितिन अस्थाना और उनकी टीम ने दांतों की जांच कर बच्चों को आवश्यक सलाह दी। दांतों की नियमित सफाई करने के फायदे बताए। बच्चों को टूथब्रश और टूथपेस्ट दिए गए। क्लब अध्यक्ष सुधा गुप्ता ने बताया कि ऐसे शिविरों से बच्चों में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। सचिव मुक्ता अग्रवाल, मुनिता रेकरीवाल, मनीषा मेहरा, उषा कुमार, लेखा खंडेलवाल, गीता जुनेजा, रिचा अग्रवाल, सीमा सिंघल मौजूद रहीं। स्कूल मैनेजर सुषमा सक्सेना व प्रधानाचार्य शालिनी सक्सेना ने क्लब का आभार जताया।